प्रेषक–   **<u>ई–मेल</u>**

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर

सेवा में,

मुख्य शिक्षा अधिकारी,
समस्त जनपद, उत्तराखण्ड

पत्रांकः 260–265 / उ0 वि0 शि0 पा0 / शोध एवं पाठ्यक्रम / ए–260 / 2023–24 / दिनांकः 13-10-2023

विषय– कक्षा 12 की परिषदीय परीक्षा 2024 हेतु विभिन्न विषयों के प्रतिदर्श प्रश्नपत्र परिषद की वैबसाइट पर अपलोड किए जाने के सम्बन्ध में

महोदय,

उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पत्रांक उ0 वि0 शि0 पा0 / शोध एवं पाठ्यक्रम / 03–10 / 2023–24 / दिनांक 17.04.2023 जों सत्र 2023–24 हेतु हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट स्तर पर पुर्नगठित पाठ्यकम के सम्बन्ध में है तथा पत्रांक 234–239 / शोध एवं पाठ्यक्रम / ए–260 / 2023–24 / दिनांक 19.09.2023 जाकि 2023–24 की परीक्षाओं हेतु विभिन्न विषयों के प्रश्पत्रों के निर्माण हेतु टाइपोलाजी अपलोड किए जाने के सम्बन्ध में है का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें । इन पत्रों के कम में वर्ष 2024 की परिषदीय परीक्षा हेतु कक्षा 12 के लिए विभिन्न विषयों के प्रतिदर्श प्रश्नपत्र परिषद की वैबसाइट पर अपलोड किए जा रहे हैं। इन प्रश्नपत्रों को निम्न लिंक द्वारा देखा जा सकता है– <u>https://ubse.uk.gov.in/pages/display/99-old---model-question-paper।</u>
प्रतिदर्श प्रश्नपत्रों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बिन्दु निम्नवत हैं–

- प्रतिदर्श प्रश्नपत्र केवल अध्यापकों व छात्र–छात्राओं को प्रश्नपत्रों के नवीनतम स्वरूप से अवगत कराने के उद्देश्य से प्रसारित किए जा रहे है।
- सभी विषयों में पाठ्यक्रम, इकाईवार अंक विभाजन तथा टाइपोलाजी पूर्व में निर्गत पत्रांक उ0 वि0 शि0 पा0 / शोध एवं पाठ्यक्रम / 03–10 / 2023–24 / दिनांक 17.04. 2023 जों सत्र 2023–24 तथा पत्रांक 234–239 / शोध एवं पाठ्यक्रम / ए–260 / 2023–24 / दिनांक 19.09.2023 के अनुसार ही रहेगी।
- भाषा विषयों को छोड़कर अन्य सभी विषयों के परिषदीय परीक्षा के प्रश्नपत्र हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में मुद्रित होंगे।
- यद्यपि प्रश्नों के प्रकार के आधार पर उनकी कुल संख्या टाइपोलाजी के अनुसार होगी परन्तु किसी इकाई अथवा अध्याय विशेष से किस प्रकार के कितने प्रश्न पूछे जायेंगे यह निश्चित नही है।
- जिन विषयों में कथन–कारण तथा केस स्टडी / गद्यांश आधारित प्रश्न जोड़े गये है उनका छात्र–छात्राओं को विशेष अभ्यास कराया जाये।

13/X

- जिन विषयों के प्रतिदर्श प्रश्नपत्र प्रसारित नही किए गये हैं उनमें पाठ्यक्रम व प्रश्नपत्र का स्वरूप गत शैक्षणिक सत्र 2022–23 की ही भांति रहेगा।
- प्रत्येक प्रश्नपत्र के प्रारम्भ में दिए गये निर्देश सांकेतिक है। परिषदीय परीक्षा के प्रश्नपत्र में दिए गये निर्देश इससे भिन्न हो सकते है।
- प्रतिदर्श प्रश्नपत्र से सम्बन्धित किसी भी पृच्छा के लिए सम्पर्क सूत्र निम्नवत हैं–
  1. श्री बी0 एम0 एस0 रावत, अपर सचिव – मो0 8755617431
  2. श्री शैलेन्द्र जोशी, शोध अधिकारी – मो0 7055513072
  3. डा0 नन्दन सिंह बिष्ट, प्रवक्ता – मो0 7906489456

अपने अधीन समस्त अधिकारियों / संस्थाध्यक्षों को अपने स्तर से इस सम्बन्ध में अवगत कराने का कष्ट करें।

13/X/2023

(वी0 पी0 सिमल्टी)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर (नैनीताल)

कार्यालय सचिव उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)

पृष्ठांकन स0:260-265/उ0 वि0 शि0 पा0/शोध एव पाठ्यक्रम/ए–260/2023–24/दिनांकःउक्तवत

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1– निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)/सभापति उ0 वि0 शि0 प0, देहरादून/रामनगर।

2– निदेशक, अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण, देहरादून।

3– अपर निदेशक, एस0 सी0 ई0 आर0 टी0, देहरादून।

4– समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी सम्बन्धित जनपद।

5– समस्त संस्थाध्यक्ष रा0 इ0 का0/रा0 बा0 इ0 का0 उत्तराखण्ड द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी सम्बन्धित जनपद।

13/X/2023

(वी0 पी0 सिमल्टी)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर (नैनीताल)